# कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पत्रांकः अ0छा0क0/1126 दिनांक 23-12-2025

**समस्त अधिष्ठाता**

वर्ष 2025–26 के प्रथम षठ्मास में पीएच0डी0 में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी (जिनकी अध्येयतावृत्ति स्वीकृति नही हुई है ) को उनके वर्ष 2025–26 के प्रथम षठ्मास के पंजीकरण के दिनांक से अध्येयतावृत्ति दिये जाने हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्षों द्वारा वर्ष 1994 – 95 में निर्धारित एवं कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के अन्तर्गत उनसे निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) पर आवेदन पत्र मांगे जाने है। अध्येयतावृत्ति स्वीकृति की अवधि प्रथम षठ्मास के पंजीकरण के दिनांक से अधिकतम 36 माह या थीसिस जमा करने के दिनांक तक जो भी पहले हो और शैक्षिक प्रगति के आधार पर इसका प्रत्येक षठ्मास में नवीनीकरण किया जायेगा।

रू0 6000/– प्रतिमाह की यह अध्येयतावृत्ति पीएच0डी0 के प्रत्येक उपाधि कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त दो छात्रों को उनकी शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित विभिन्न परीक्षाओं में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार मैरिट के अनुसार स्वीकृति की जाऐगी। मैरिट निम्न फार्मूले के आधार पर तय की जायेगी। निर्धारित संख्या में उपलब्ध अध्येयतावृत्ति यदि देय रहती है तो वह अन्य विद्यार्थियों को नियमानुसार देय होगी।

| क्रम स0 | परीक्षा का नाम | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | हाई स्कूल | 10 प्रतिशत |
| 2. | इन्टरमीडिएट | 10 प्रतिशत |
| 3. | स्नातक | 10 प्रतिशत |
| 4. | परास्नातक | 20 प्रतिशत |
| | **योग** | **50 प्रतिशत** |
| 5. | प्रवेश परीक्षा | 50 प्रतिशत |
| | **कुल योग** | **100 प्रतिशत** |

उपरोक्त फार्मूले के आधार पर मैरिट लिस्ट तैयार कर सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उसे अपनी संस्तुतियों के सहित अपने विभाग के समस्त विद्यार्थियो के प्रार्थनापत्र, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एंव परास्नातक की अंकतालिकाओं तथा वर्ष 2025–26 प्रथम षठ्मास के पंजीकरण की रजिस्टेशन स्लीप को सम्बंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर सहित प्रार्थना पत्रों को संलग्न करते हुए दिनांक 28.01.2026 तक इस कार्यालय को भेजेंगे, तदोपरान्त विभागाध्यक्षों की यह संस्तुतियां अध्येयतावृत्ति स्वीकृति संस्तुतियों हेतु पूर्व में गठित समिति के सम्मुख अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा रखी जायेगी। यह समिति केवल उन्हीं विद्यार्थियो के प्रार्थना पत्रों पर विचार करेगी, जिन्होंने पूर्णकालीन छात्र के रूप में प्रवेश परीक्षा में सफलता के उपरान्त विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर अपने विभाग से वर्ष 2025–26 के प्रथम षठमास में प्रवेश लिये विद्यार्थियो के प्रार्थनापत्र एवं मैरिट लिस्ट सम्बन्धित पत्रावली अपनी स्पष्ट संस्तुतियो सहित दिनांक 28.01.2026 तक इस कार्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें। विलम्ब से प्राप्त अध्येयतावृत्ति आवेदन पत्र को किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जाएगा।

23/12/2025
(आनन्द सिंह जीना)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः

1. नोटिस बोर्ड स्वर्ण जयंती भवन, चितरंजन भवन द्वितीय, शास्त्री भवन, शिवालिक भवन एवं विवेकानंद भवन में विद्यार्थियों को सूचनार्थ।
2. विश्वविद्यालय वैबसाइट पोर्टल अपलोड हेतु।
3. समस्त विभागाध्यक्ष को अधिष्ठाता के माध्यम से सूचनार्थ।
4. नियंत्रक को सूचनार्थ प्रेषित।
5. निदेशक शोध को सूचनार्थ प्रेषित।
6. कुलसचिव महोदया को सूचनार्थ प्रेषित।